हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, मंगलवार, 25 मार्च 2025

### रमज़ानुल मुबारक

## सदक़तुल फितर्, सदक़तुल फितर् क्यों?

हज़रत अब्दुल्लाह बिन अब्बास रज़ि से रिवायत है कि रसूल सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ने रोज़ों को फ़िज़ूल व लायानी और फ़हश बातों के असरात से पाक साफ़ करने के लिए और मिस्कीनों मोहताजों के खाने का बंदोबस्त करने के लिए सदक़तुल फ़ितर वाजिब क़रार दिया है। (सुनन अबि दाऊद) इस हदीस में सदका ए फितर् की दो हिकमतें और उसके दो ख़ास फायैदों की तरफ इशारा फ़रमाया गया है, एक यह कि मुसलमानों के जश्न व मसर्रत के इस दिन में सदका ए फितर् के जरिए मोहताजों मिस्कीनों की भी शिकम शेरी और आसूदगी का इंतज़ाम हो जाएगा और दूसरा यह कि ज़ुबान की बे-अहत्यातियों और बेबाकियों से रोज़े पर जो बुरे असरात पढ़ते होंगे यह सदका ए फितर् उनका भी कफ्फारा और फिदया हो जाएगा।

# नगर निगम स्कूल के छात्रों को प्रति वर्ष 4,000 रुपये देने का प्रावधान

## नगर निगम 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' की अवधारणा का समर्थन करता है

**नागपुर.**

'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' की अवधारणा के समर्थन में, नागपुर नगर निगम की स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को हर साल 4,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। नगर आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी द्वारा प्रस्तुत (21 मार्च) बजट में 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' की अवधारणा के माध्यम से नगर निगम स्कूलों में लड़कियों का प्रतिशत बढ़ाने के लिए यह विशेष प्रावधान किया गया है।

नगर निगम स्कूलों में पढ़ने वाले अधिकांश छात्र आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग में आते हैं। स्कूलों में लड़कियों की संख्या बढ़ाने और उन्हें पढ़ाई में कोई कठिनाई न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम स्कूलों में कक्षा 1 से 12 तक पढ़ने वाली और 80 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति वाली सभी छात्राओं के खातों में प्रति वर्ष 4,000 रुपये सीधे जमा किए जाएंगे। इसके लिए नगर निगम के बजट में 2.10 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

**परामर्शदाता छात्रों का मार्गदर्शन करेंगे :** नागपुर नगर निगम के स्कूलों में इस वर्ष से विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में आने वाली समस्याओं के कारण होने वाले अवसाद को रोकने के लिए परामर्श प्रदान किया जाएगा। शहर के अन्य छात्र जिन्हें परामर्श की आवश्यकता है, उन्हें भी टेलीकांफ्रेंसिंग के माध्यम से परामर्श प्रदान किया जाएगा। इसके लिए बजट में एक करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

**नगर निगम स्कूलों में किंडरगार्टन की शुरुआत :** नई शिक्षा नीति के तहत प्राथमिक विद्यालयों में किंडरगार्टन/प्री-प्राइमरी कक्षाएं जोड़कर 3 वर्ष की आयु से बच्चों की शिक्षा शुरू की जाएगी। प्री-प्राइमरी स्कूल लड़के और लड़कियों के विकास में एक महत्वपूर्ण चरण है और यदि इस अवधि के दौरान



छात्रों को उचित मार्गदर्शन मिले तो इससे उन्हें आगे की शिक्षा में निश्चित रूप से लाभ मिलेगा। जिन स्कूलों में किंडरगार्टन में 20 से अधिक विद्यार्थी हैं, वहां प्री-प्राइमरी कक्षाओं को पढ़ाने के लिए प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। इसके लिए बजट में 55 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है।

**प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रशिक्षण – सुपर 75 :** सुपर 75 की शुरुआत नागपुर नगर निगम द्वारा की गई है, जिसका उद्देश्य नागपुर नगर निगम के स्कूलों के छात्रों को इंजीनियरिंग, मेडिकल, सीए, एनडीए आदि में सफल होने में मदद करना है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। इन परीक्षाओं की प्रवेश-पूर्व तैयारी के लिए, नगर निगम स्कूलों में कक्षा 8 के प्रथम 75 मेधावी विद्यार्थियों का चयन निजी ट्यूशन कक्षाओं के सहयोग से प्रतिवर्ष एक परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा। उन्हें नगर निगम के नेताजी मार्केट स्कूल में कक्षा 10 तक हर सप्ताहांत विशेष ट्यूशन कक्षाएं प्रदान की जाएंगी और कक्षा 10 के बाद उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन विद्यार्थियों को वर्दी, पाठ्य पुस्तकें, बैग, यात्रा भत्ता आदि प्रदान किया जाता है। ये सुविधाएं नगरपालिका द्वारा प्रदान की जाती हैं।

**कौशल विकास पर जोर :** नवचेतना कार्यक्रम के तहत 18 स्कूलों में 14 डिजिटल बोर्ड तथा पांच स्कूलों में कम्प्यूटर लैब उपलब्ध कराये गये। इससे छात्रों में कौशल विकास में मदद मिलेगी।

**स्टेम और रोबोटिक्स लैब :** मनपा में अध्ययनरत विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण बढ़ाने के लिए 2 जूनियर कॉलेजों और 3 माध्यमिक विद्यालयों में पाठ्यक्रम पर आधारित अत्याधुनिक विज्ञान प्रयोगशालाएं शुरू की गई हैं और अगले वर्ष स्टेम और रोबोटिक्स प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी।

# जबरन लूट का आरोपी गिरफ्तार

> 1.85 लाख का माल बरामद



**नागपुर.** हुडकेश्वर पुलिस ने एक जबरन लूट के मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह लूट 19 मार्च 2025 को सुबह लगभग 5:40 से 5:55 के बीच हुई थी। 82 वर्षीय महेन्द्रकुमार रामलाल वर्मा, जो व्हीलचेयर पर रहने वाले वरिष्ठ नागरिक हैं, उस समय घर पर अकेले थे। तभी एक अज्ञात चोर ने उनके गले से सोने की चैन और 5,000 नकद सहित कुल 1,85,000 की संपत्ति जबरदस्ती छीनकर फरार हो गया था। इस घटना की शिकायत उनकी बेटी, अधिवक्ता मीना वर्मा (62) ने हुडकेश्वर पुलिस थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 309(4) और 329(4) के तहत मामला दर्ज किया। हुड़केश्वर पुलिस ने जांच शुरू करते हुए क्षेत्र के करीब 70 सीसीटीवी कैमरों की जांच की। जांच के आधार पर एक संदिग्ध की पहचान कर प्रशांत बार, मानेवाड़ा रोड से उसे हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम ओमप्रकाश दुमदेव निकोरे (21) ओमनगर, सक्करदरा निवासी बताया और अपराध करना स्वीकार किया। आरोपी के पास से लूटे गए सामान की पूरी राशि 1,85,000 बरामद कर ली गई है। यह कार्रवाई परिमंडल-4 की डीसीपी रश्मिता राव और अजनी विभाग के एसीपी नरेंद्र हिवरे के मार्गदर्शन में वपोनि. ज्ञानेश्वर भेदोडकर, सपोनि. ओमप्रकाश भलावी, पोहवा. गोपाल देशमुख, संदीप पाटिल, संतोष सोनटक्के, चेतन वैद्य, दिनेश गाडेकर, नापोअं. विजय सिन्हा, पोअं. हिमांशु पाटिल, कुणाल उके और मंगेश मडावी ने मिलकर अंजाम दिया है।

### अरमान सिद्दीकी



**नियाज़ अहमद सिद्दीकी के बेटे अरमान सिद्दीकी ने रखा अपना पहला रोजा**

## महिला से अश्लील हरकत करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर.** पारडी पुलिस थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ अश्लील हरकत और धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 29 वर्षीय पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी रोहित राजेश घागरे (24) पारडी निवासी ने उसका पीछा कर उससे जबरन मित्रता करने की कोशिश की। जब महिला ने प्रस्ताव ठुकरा दिया, तो दिनांक 23 मार्च 2025 की रात लगभग 1:30 बजे आरोपी ने महिला का रास्ता रोककर उसके साथ अभद्र व्यवहार किया और अश्लील हरकतें कर उसके मन में लज्जा उत्पन्न की। इसके साथ ही आरोपी ने महिला के पति को गालियां दीं और जान से मारने की धमकी भी दी। महिला की शिकायत के आधार पर पारडी पुलिस थाने में सहायक पुलिस निरीक्षक भागवत द्वारा आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 74, 75(2), 78(2), 79, 333, 351(3), 352 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लिया गया है। फिलहाल मामले की आगे जांच जारी है।

# हिंसा मामले में आरोपी फहीम खान की जमानत याचिका पर सरकार को नोटिस

> न्यायालय ने सरकार को निर्देश दिया, 1 अप्रैल तक अपना पक्ष रखे

**नागपुर.**

धार्मिक हिंसा मामले में आरोपी फहीम शमीम खान की जमानत याचिका पर सत्र न्यायालय ने राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है। न्यायालय ने सरकार को निर्देश दिया है कि वह 1 अप्रैल तक अपना पक्ष प्रस्तुत करे। यह सुनवाई न्यायाधीश आर. जे. राय की अदालत में हुई। 38 वर्षीय फहीम खान मायनॉरिटी डेमोक्रेटिक पार्टी का शहराध्यक्ष है। उसके वकील एडवोकेट अश्विन इंगोले ने अदालत में दलील दी कि फहीम निर्दोष है और उसे राजनीतिक दबाव के चलते इस मामले में फंसाया गया है। उन्होंने कहा कि फहीम को कानून और व्यवस्था के प्रति सम्मान है, इसलिए उसे जमानत दी जानी चाहिए। सरकार की ओर से एडवोकेट नितीन तेलगोटे ने नोटिस स्वीकार किया है। गौरतलब है कि 18 मार्च 2025 को गणेशपेठ पुलिस थाने में फहीम खान के खिलाफ देशद्रोह



सहित कई गंभीर धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। उसी दिन उसे गिरफ्तार भी किया गया था और तब से वह पुलिस हिरासत में है।

इस मामले ने राजनीतिक दलों में भी हलचल मचा दी है, क्योंकि फहीम खान एक स्थानीय राजनीतिक पार्टी का चेहरा माना जाता है। अब अदालत की अगली सुनवाई और सरकार की प्रतिक्रिया पर सबकी नजरें टिकी हैं।

# नागपुर हिंसा के बाद निर्दोषों की गिरफ्तारी रोकने के लिए एसीपी से मुलाकात

> शांति बनाए रखने का दिया आश्वासन

**नागपुर.**

हाल ही में नागपुर में हुई हिंसा पश्चात निर्दोष युवाओं की गिरफ्तारी को रोकने के लिए एपीसीआर ने सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) अनिता उदय मोरे से मुलाकात की। एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स (एपीसीआर) नागपुर चैप्टर के सदस्यों और स्थानीय निवासियो ने एसीपी को बताया कि कुछ निर्दोष युवाओं को भी हिंसा में शामिल होने के संदेह में गिरफ्तार किया जा रहा है। एसीपी ने आश्वासन दिया कि पुलिस



निर्दोष लोगों को गिरफ्तार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति यह साबित कर सकता है कि वह हिंसा के समय घटनास्थल पर नहीं था, तो पुलिस उसे रिहा कर देगी। एसीपी ने यह भी कहा कि पुलिस शहर में शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

एपीसीआर के सदस्यो ने एसीपी को संगठन की गतिविधियों के बारे में बताया, जिससे वह बहुत प्रभावित हुईं। एपीसीआर ने पुलिस से निष्पक्ष जांच करने और निर्दोष लोगों को परेशान न करने का आग्रह किया है। पुलिस ने शहर के लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। बैठक में एड. शोएब इनामदार (सेक्रेटरी , एपीसीआर महाराष्ट्र), एड. बिलाल अहमद , आरिफ़ बेहलीम, ज़ाकिर शेख़, खलीकुज़्ज़मा , शफ़ीक़ अहमद, और स्थानीय निवासी शामिल थे।

## जुए के अड्डे पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 12 आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर.** क्राइम ब्रांच यूनिट क्र. 04 और ईमामवाड़ा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में जुए के अड्डे पर छापा मारते हुए 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई 22 मार्च 2025 को रात 9:35 बजे से 11:10 बजे के बीच की गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि चंदननगर क्षेत्र स्थित क्वॉर्टर नं. 114, बास्केटबॉल ग्राउंड के पास, अनिल प्रभाकर कुर्वे के मकान की दूसरी मंजिल पर हार-जीत की बाजी लगाकर ताश के पत्तों से जुआ खेला जा रहा है। जानकारी के आधार पर पंचों की उपस्थिति में छापा मारा गया। छापेमारी के दौरान मौके से 12 लोगों को रंगे हाथों जुआ खेलते हुए पकड़ा गया। इन आरोपियों में शेख जाफर, ओमप्रकाश गुप्ता, विनायक धरमठोक, सुरज गुनतेवार, सिद्दार्थ तागडे, सुरज शिरपूरकर, चंटू माने, राजकुमार सोमकुंवर, संजय चंद्रिकापूरे, अरुण पोहनकर, सचिन कानफाडे और मकान मालिक अनिल कुर्वे शामिल हैं।

# गोवंश तस्करी का पर्दाफाश

> ट्रक से तीन जीवित पशु बरामद

**नागपुर.**

पाचपावली पुलिस ने पशु क्रूरता और गोवंश तस्करी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए एक ट्रक से तीन जीवित गोवंश जानवरों को मुक्त कराया है। आरोपी वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार यह घटना दिनांक 23 मार्च 2025 की दोपहर लगभग 12:30 बजे की है, जब पाचपावली पुलिस का गश्ती दल लष्करीबाग स्थित मोतीबाग रेलवे क्रॉसिंग के पास पेट्रोलिंग कर रहा था। उसी दौरान अशोक लीलैंड कंपनी



के एक संदिग्ध मालवाहक ट्रक के चालक ने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की। पुलिस ने पीछा किया लेकिन चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। ट्रक की तलाशी लेने पर उसमें तीन जीवित गोवंश जानवरों को अत्यंत क्रूरता से बांधकर कत्तल के इरादे से ठूंसा हुआ पाया गया। पुलिस ने तुरंत सभी जानवरों को मुक्त कर उन्हें नजदीकी गौशाला में भेज दिया। साथ ही ट्रक सहित कुल 4,60,000 रुपये मूल्य का माल जब्त किया गया। इस मामले में पाचपावली पुलिस थाने में पुलिस हवालदार आनंदसिंह की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ महाराष्ट्र प्राणी संरक्षण अधिनियम 1976 (संशोधन 1995) की धारा 5, 5(अ), 5(ब), 9 तथा प्राणी क्रूरता अधिनियम 1960 की धारा 11(1)(घ)(ड)(च) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है और मामले की आगे जांच जारी है।

# नागपुर में शहीद दिवस पर हुआ कार्यक्रम आयोजित

## छात्रों में देशभक्ति की भावना को बढ़ावा

**नागपुर.**

मेजर हेमन्त जकाते इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड कॉमर्स, नागपुर में शहीद दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मनीषा शिक्षण प्रसारक मंडल के सचिव मधुसूदन मुडे सर और प्राचार्या शीला मुडे, कॉलेज की उप प्राचार्या मानकर मैडम, वरिष्ठ शिक्षक शरद शिंदे सर उपस्थित थे. इस कार्यक्रम के जरिए भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु के बलिदान को याद किया गया. विद्यार्थियों ने अपने भाषणों के माध्यम



से अपनी देश भक्ती को दर्शाया। साथ ही शरद शिंदे सर, सुरेश पगाडे सर, कु. रिना गोटमारे मैडम ने विद्यार्थियों को शहीद दिवस के महत्व के बारे में समझाया। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों में देशभक्ति जगाने का प्रयास किया गया. इस कार्यक्रम का संचालन कु. पल्लवी लाडे द्वारा और आभार प्रदर्शन कु. रोहीनी गजबे मैडम ने किया.

# पोरवाल कॉलेज में केमिस्ट्री विषय पर 5वां राज्यस्तरीय चर्चासत्र

**कामठी/नागपुर.**

स्थानीय सेठ केसरीमल पोरवाल कॉलेज के रसायन विभाग की केमिकल सोसाइटी और सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ मैटेरियल साइंस (एसपीएमएस) नागपुर और नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज इंडिया (एनएएसआई) ने संयुक्त रूप से 22 मार्च को स्नातक छात्रों के लिए 5वीं राज्य स्तरीय सेमिनार प्रतियोगिता का आयोजन किया। सेमिनार की अध्यक्षता एसपीएम के निदेशक विकास अशोक कुमार भाटिया ने की, जबकि प्रो. एन. एस. गजभिये पूर्व कुलपति डॉ. एच. एस. गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय सागर सेमिनार के मुख्य अतिथि थे। इस कार्यक्रम में एसपीएम के सीईओ डॉ. एस. एस. धोंडगे, प्रिंसिपल डॉ. विनय चव्हाण, सचिव एनएएसआई-नागपुर और प्रो. डब्ल्यू. बी. गुरनुले, सचिव एसपीएमएस, नागपुर उपस्थित थे। राज्य विश्वविद्यालयों के विभिन्न महाविद्यालयों से कुल 16 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सेमिनार




प्रतियोगिता में बजाज कॉलेज ऑफ साइंस, वर्धा की हिमांशी खोड़े ने प्रथम पुरस्कार, संत गाडगे महाराज महाविद्यालय, हिंगना की संध्या राजपूत ने दूसरा पुरस्कार और एस.के. पोरवाल कॉलेज, कामठी की शुभी सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि, दो समेकित पुरस्कार डॉ. आंबेडकर कॉलेज, नागपुर और बजाज कॉलेज ऑफ साइंस, वर्धा ने जीते। सेमिनार प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. आर.जी. चौधरी ने परिचयात्मक भाषण दिया और पुरस्कारों की घोषणा की, जबकि आयोजन सचिव और केमिकल सोसाइटी के प्रभारी प्रोफेसर डॉ. एस. मंडल ने केमिकल सोसाइटी द्वारा आयोजित विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों को साझा किया और आभार व्यक्त किया। डॉ. मंजरी नागमोटे ने उद्घाटन समारोह का संचालन किया, जबकि ए. जाम्बुलकर, प्रणाली हडोले, पवन भीलकर, शिवानी राणावरे, मीनाक्षी पोटभरे, अनिकेत कहाटे, शुभम त्रिपाठी, बुशरा जबीन ने संगोष्ठी प्रतियोगिता का संचालन किया। कार्यक्रम के दौरान डिग्री कॉलेज के उत्कृष्ट शोधकर्ताओं को शोध प्रोत्साहन वितरित किया गया, साथ ही डॉ. आलोक राय को 2022-2023 के लिए सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता के रूप में सम्मानित किया गया। साथ ही विज्ञान दिवस प्रतियोगिता और रसायन विज्ञान टॉपर का पुरस्कार भी उक्त अवसर पर वितरित किया गया। डिग्री कॉलेज की उप-प्राचार्य डॉ. रेणु तिवारी, उप प्राचार्य डॉ. मनीष चक्रवर्ती, रजिस्ट्रार, डॉ. स्वप्निल राठौड़ और रसायन विज्ञान विभाग के शिक्षण, गैर-शिक्षण कर्मचारियों और स्नातकोत्तर छात्रों ने कार्यक्रम की शानदार सफलता के लिए कड़ी मेहनत की।




CMYK

# शहीद दिवस के अवसर पर भव्य रक्तदान शिविर संपन्न

## > निमा- होमिओपैथिक डॉक्टर असोसिएशन का आयोजन
## > 64 दानदाताओं ने रक्तदान कर निभाया सामाजिक कर्तव्य

**सावनेर.**

शहर के निमा -होमिओपैथिक डॉक्टर असोसिएशन व्दारा शहीद दिवस के आवसर पर भव्य रक्तदान शिबीर आयोजित कर अपने सामाजिक दाईत्व का परिचय दिया. रविवार 23 मार्च को सुबह 10-30 को सावनेर तालुका बार असोसिएशन के अध्यक्ष शैलेश जैन की अध्यक्षता तथा अरविंद लोधी की प्रमुख उपस्थिती व वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. विजय धोटे, डॉ. कुष्णराव भगत, डॉ. जे.टी काळे, सावनेर तालुका मराठी पत्रकार संघ के अध्यक्ष किशोर ढुंढेले, इंडियन मेडिकल असोसिएशन अध्यक्ष डॉ परेश झोपे सचिव डॉ. शिवम पुण्यानी, होमिओपॅथी असोसिएशन अध्यक्ष डॉ राहुल दाते, निमा अध्यक्ष छत्रपती मानापुरे, निमा के पुर्व अध्यक्ष डॉ संजय दोरखंडे, डॉ.प्रशांत राजपूत आदि मान्यवरो की प्रमुख उपस्थिती मे हेडगेवार ब्लड बैंक नागपुर द्वारा 64 युनीट रक्त संकलित कीया.



इस अवसर पर इंडियन मेडिकल असोसिएशन के पुर्व अध्यक्ष डॉ विजय धोटे, पुर्व नगराध्यक्ष अरविंद लोधी, डा. भगत, सावनेर तालुका मराठी पत्रकार संघ के अध्यक्ष किशोर ढुंढेले, इंडियन मेडिकल असोसिएशन के अध्यक्ष डॉ परेश झोपे, तथा आयोजन के अध्यक्ष शैलेश जैन आदि ने देश के लीये अपनी जान नौछावर करने वाले शहिद भगतसिंग, राजगुरू, सुखदेव आदीके देशभक्ती तथा बलीदान पर प्रकाश डालते हुये रक्तदान का महत्व विषीद किया. आयोजन मे 59 वी बार रक्तदान करने वाले होमिओपॅथी असोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. राहुल दाते तथा रक्तदान शिबीर सफल बनाने हेतु हमेशा सहयोग करणेवाले आस्था पैथोलॉजी लैब के संचालक डॉ प्रविण चव्हाण, समाजसेवी भुषण कुबडे, मदन डहाके, प्रविण नारेकर, चंदू काले,आदि का मान्यवरो के हाथो शाल तथा पेड देकर सन्मानित कीया

आयोजन का संचालन व प्रास्ताविक डॉ राहुल दाते ने तो आभार डॉ. विकास चोपडे ने माना आयोजन के सफलतार्थ डॉ. स्वप्नील काळे, डॉ.रोशन निनावे , डॉ. आकांक्षा नीनावे, डॉ. निरज दुबे, डॉ.मंजूषा दोरखंडे, डॉ परेश पींगे , डॉ कीर्ती पींगे ,डॉ. वैशाली दाते,डॉ मर्फी गजभिये, डॉ. स्वप्नील कांबे, डा. प्रशांत घोडसे, डॉ हरीश बरैया , डॉ.श्रद्धा मानपुरे,डॉ चंद्रशेखर दांडेकर,डॉ अनुप जैस्वाल, डॉ. पराग घाटोडे , डॉ.सुजाता घाटोड़े , डॉ स्वप्निल कांबे , डॉ.शिवानी काम्बे , डॉ स्मिता हाड़के,डॉ. विशाल पांडे आदि ने परिश्रम लिया.

# राज्यमंत्री आशीष जयस्वाल ने की खापरखेड़ा शिवालय में राजकीय चर्चा

## > अशोक झिंगरे को सेनाद्वारा मिलेगी बड़ी ज़िम्मेदारी

**खापरखेड़ा.**

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गट को धनुष्यबाण चिन्ह मिलने के बाद उनके नेतृत्वपर विधानसभा मे सेना ने सफलता हासिल की। इस को मद्देनजर रखते हुए अभी तो विदर्भ की ओर ध्यान आकर्षित करना है। विदर्भ मे संघटनात्मक जवाबदारी वित्त व नियोजन राज्यमंत्री आशिष जैस्वाल को दी जाने की जानकारी मिली। इसी विषय पर चर्चा करने के लिए 22 मार्च शनिवार को देर रात राज्यमंत्री आशिष जैस्वाल सावनेर तालुका मध्यवर्ती कार्यालय "शिवालय" खापरखेड़ा मे बैठक हुई। दरम्यान इस पश्चात राज्यमंत्री आशिष जैस्वाल व पूर्व जिला संघटक अशोक झिंगरे इन दोनो मे विविध विषयों पर राजकीय चर्चा होने की भी जानकारी मिली। आने वाले कुछ ही दिनों मे अशोक झिंगरे इन को पक्ष की ओर से बड़ी ज़िम्मेदारी सौंपी जाने की संभावनाएं जताई जा रही है। पश्चात शिवसेना निष्ठावान नेते पुर्व जिला प्रमुख राजू हरणे, पुर्व जिला संघटक अशोक झिंगरे, ईन्होने उबाठा गट को बीदाई देकर शेकडो कार्यकर्ताओ के साथ शिंदे गट शिवसेना मे प्रवेश किया।पुर्व जिला संघटक अशोक झिंगरे इन को पंक्ष संघटना के बारे मे काफी अनुभव है। शिवसेना मे विविध पदों पर कार्य करते हुए उन्होंने हजारों सैनिक सेना मे तैयार किये। उसकी सभी जानकारी सेना के बड़े बड़े नेताओं को मालुमात है। जिसकी वजह जल्दी ही सेना मे बड़ी ज़िम्मेदारी मिलने की आशंका जताई जा रही। इस वक्त नरेंद्र मोरे, राजू बोरकर, दिनेश गुढधे, घनश्याम बिजेवार, कैलाश शिंगने, विनोद बिघाने, राहुल बागेडकर, प्रशांत नखाते, राजू मेश्राम, सुनील वैद्य, दिनेश बागडे, दिनेश झिंगरे, सुरेंद्र कच्छावे, देवा चौधरी, सुरेश पौणिकर, प्रफुल पांडे, मॉन्टी ठाकरे, मॉन्टी ठाकूर, मंगेश चोंढे, विक्रम कच्छावे, सुधीर फेंडर, योगेश निहारे, अंकित बक्सरिया, रवी मेश्राम, दुर्वास भुरकुंडे, जनार्धन तुरणकार, सुधाकर गावंडे, अंकित नारनवरे, सुरेश केने, सचिन गजभिये, विनोद नारनवरे, दीपक श्रीवास्तव, बलदेव श्रीवास्तव, नरेश भक्तते, राजू बर्वे, दिनेश सपाटे, प्रशांत नागदवने, जयंत झिंगरे, विकास बारई, विकास झिंगरे, नरेंद्र ईश्वरकर, अरविंद लोखंडे, शुभम झिंगरे, बबलू मित्तल, मिंकू मित्तल आदि शिव सैनिकों की बड़ी संख्या मे उपस्थिती थी.



# ट्रैप में फंसे चोर भागने में सफल

## > लोगों में दहशत का माहौल

**खापरखेड़ा.**

चोरी कर भाग रहे दो चोरों को पकड़ने की कोशिश में लगे लोगों को देखकर चप्पल छोड़ कर चोर भाग गए। यह वाकया खापरखेड़ा थाना अंतर्गत दहेगाव रंगारी में शनिवार की मध्यरात्रि में सामने आया। लोगों ने 112 पे फोन कर पुलिस को बुलाया। चोरो की दहशत में रविवार की सुबह तक लोग जागते रहे। मिली जानकारी अनुसार शनिवार की शाम को चनकापुर में चोरी के संदर्भ में राहुल तिवारी इन्होंने कन्हान डिविजन के डिवायएसपी संतोष गायकवाड़ और खापरखेड़ा थानेदार अरविंद कतलाम इनके मार्गदर्शन में एक बैठक का आयोजन कर लोगों को संबोधित किया। चनकापुर के लोग शनिवार की मध्यरात्रि तक जागते रहे। इस दरम्यान दो लोग संदिग्ध अवस्था में भागते दिखे तो लोग भी उन्हें पकड़ने भागे। भाग रहे दो लोग रेल पटरी लांघकर दहेगांव रंगारी के वार्ड क्रमांक चार के साईं मंदिर परिसर में भागे। चणकापुर के लोगो ने दहेगांव रंगारी के लोगो को फोन कर सूचित किया। दहेगांव रंगारी के लोगो ने भी इसकी जानकारी पड़ोसियों को दी। घर से बाहर निकलकर लोग चोरों को ढूंढने लगे। रात 1.30 बजे तक लोग चोरों को ढूंढते रहे। रात दो बजे दहेगांव रंगारी के साईं मंदिर परिसर में अशोक शिंदे के यहां दो चोर दरवाजा तोड़कर घर में घुसे यह जानकारी उनके पड़ोसी ने फोन कर आस पास रहने वाले लोगों को दी। पूरा मोहल्ला लाठियां लेकर शिंदे इनके घर को घेर लिया। चोरों को बाहर निकालने का आवाहन किया। शिंदे के घर से दो चोर निकले और छत पर चढ़कर पड़ोसियों के छत से कूदकर फकीरचंद पटेल पेट्रोल पंप की दिशा में भाग गए। वहां उनकी रखी दुपहिया वाहन से में बैठकर लोगो की नजर से ओझल हो गए। भागते दरम्यान चोर उनकी चप्पलें छोड़ कर भागे। प्रत्यक्ष दर्शी अनुसार दोनों चोर 25 से 35 वर्ष उम्र के बताए जा रहे। परिसर में लगे लोगों के यहां सीसीटीवी में चोर दिखाई दे रहे हो तो फुटेज पुलिस को दे। डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को बुलाया गया। अशोक शिंदे और उनकी पत्नी मुंबई में गए है। उनके घर में यह तीसरी बार चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। शुक्रवार की रात खापरखेड़ा में मनोज चौरगड़े की दुकान का शटर तोड़कर चोरी की गई। इन तीन महीनों में खापरखेड़ा थाना हद्द में दहेगांव , खापरखेड़ा , चणकपुर , भानेगाव समेत 12 चोरियों की घटना घटी। कम पुलिस बल होने के बावजूद खापरखेड़ा पुलिस चोरों को ढूंढने का प्रयास कर रही। अशोक शिंदे मुंबई में होने से अभी तक चोरी की शिकायत दर्ज नहीं की है। आय दिन बढ़ रहे छोरी की घटना को देखते हुए पुलिस अधीक्षक हर्ष पोतदार रात्रि गश्त के लिए स्वतंत्र अतिरिक्त पुलिस बल लगवाए यह मांग भानेगाव के रवींद्र चिखले, खापरखेड़ा के सुनील पांडे , चणकापुर के पवन धुर्वे और दहेगांव के किशोर चौधरी ने की है।




# बावनकुले ने गायत्री स्वास्थ्य उपवन को दी सद्भावना भेंट

**कामठी.**

भाजपा महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष, महसूल मंत्री एवं नागपुर तथा अमरावती जिले के पालकमंत्री चन्द्रशेखर बावनकुले द्वारा पोरवाल पार्क स्थित गायत्री स्वास्थ्य उपवन में रविवार को सद्भावना भेंट दी गई।

सद्भावना भेंट के दौरान स्वागत गायत्री परिवार की मातृशक्तियों ने मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले को मंगल तिलक एवं पुष्प वर्षा व गायत्री मंत्र चादर से स्वागत किया। इस मौके पर महिला मण्डल ने स्वावलंबन अंतर्गत आंवले के बने उत्पादन भेंट स्वरूप दिए। गायत्री परिवार के कार्यो और आवश्यकताओ को देखते हुए महिलाओं को स्वावलंबन प्रोजेक्ट हेतु मशीन आदि के लिये 5लाख अनुदान देने और स्वास्थ्य उपवन में नवीन निर्माण कार्य, सौर ऊर्जा आदि अनुदान देने की भी घोषणा की। समस्त गायत्री परिवार ने मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लाभान्वित कामठी का सभ्य समाज के दूरदर्शिता पूर्ण सहयोग का मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले का सदैव ऋणी रहेगा।

# येरखेड़ा को नगर पंचायत बनाने पर हाई कोर्ट में चुनौती

## > सरपंच सरिता रंगारी ने नियमों का पालन नहीं होने का लगाया आरोप

**कामठी.**

तालुका के येरखेड़ा ग्राम पंचायत अंतर्गत जनसंख्या बढ़ जाने का हवाला देते हुए, इसे नगर पंचायत के रूप में परिवर्तित करने का निर्णय शासन द्वारा लिया गया। इसे चुनौती देते हुए येरखेड़ा ग्राम पंचायत की सरपंच सरिता मधुकर रंगारी, अनिल पाटिल, राशिदा बेगम सैयद आसिफ और रोशनी भस्मे की ओर से नियमों का पालन नहीं किए जाने का आरोप लगाकर हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई।

येरखेड़ा ग्राम पंचायत को नगर पंचायत में बदलने के फैसले को चुनौती देते हुए याचिका दायर की गई। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि सरकार ने 4 अक्टूबर 2024 को अधिसूचना जारी की, जिसमें एक ही दिन में घोषणा, मसौदा, आपत्तियां और सुझाव मांगे गए, जो महाराष्ट्र नगर परिषद अधिनियम की धारा 341ए का उल्लंघन है। हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से पूरी प्रक्रिया के एक दिन में पूरी होने का जवाब मांगा है।




हाई कोर्ट ने राज्य सरकार की ग्राम विकास विभाग की अधिसूचना को लेकर नोटिस जारी किया है।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अधिसूचना के जारी होने से पहले आपत्तियों और सुझावों के लिए 30 दिनों का समय दिया जाना चाहिए था, जो पालन नहीं हुआ। हाई कोर्ट ने संबंधित विभागों और अधिकारियों को जवाब दायर करने का आदेश दिया है। याचिकाकर्ता को अपनी याचिका में संशोधन करने का भी निर्देश दिया गया है। याचिकाकर्ताओं ने 11 फरवरी 2025 को जारी की गई अंतिम अधिसूचना को चुनौती देने के लिए अपनी याचिका में संशोधन किया। सरकारी पक्ष के विरोध के बावजूद, हाई कोर्ट ने याचिका में संशोधन करने की अनुमति दी, यह कहते हुए कि इस दौरान कुछ नई घटनाएं हुई हैं, जिनकी वजह से राज्य ने अधिसूचना जारी की। अब पूरे मामले में नियमों और कानून का पालन न होने की बात सामने आई है।

# बाल्यावस्था में छात्रों को सुसंस्कृत करने की जिम्मेदारी माता-पिता की - डॉ. अविनाश गावंडे

**कामठी .**

मेडिकल कॉलेज नागपुर के अधीक्षक डॉ. अविनाश गावंडे ने शासकीय वैद्यकीय महाविद्यालय व रुग्णालय नागपुर की ओर से प्रोफेसर कॉलोनी रनाळा स्थित वासल्य प्री-प्राइमरी स्कूल में आयोजित सुदृढ़ बालक स्पर्धा ( हेल्दी बेबी कॉन्टेस्ट) के उद्घाटन के अवसर पर मार्गदर्शन करते हुए यह विचार व्यक्त किया कि बाल्यावस्था में छात्रों को सुसंस्कृत करना माता-पिता की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।



सुदृढ़ बालक स्पर्धा और बच्चों के स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन मेडिकल हॉस्पिटल नागपुर के अधीक्षक डॉ. अविनाश गावंडे द्वारा दीप प्रज्वलित कर और सरस्वती माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। आरोग्य शिविर के उद्घाटन अवसर पर मार्गदर्शन करते हुए डॉ. अविनाश गावंडे ने यह भी कहा कि बचपन में विद्यार्थियों को अच्छा और सुंदर ज्ञान मिले, इसके लिए माता-पिता की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है और उम्र के अनुसार बढ़ने वाले बच्चों की पसंद-नापसंद के अनुसार भावनाएं बदलती रहती हैं, उन भावनाओं को माता-पिता को समझकर उत्तम संस्कार देने की आवश्यकता है। साथ ही, उन्होंने विद्यार्थियों को आउटडोर खेलों में खुलकर खेलने देने का आह्वान भी किया। इस अवसर पर रनाला ग्राम पंचायत के सरपंच पंकज विमल नागोराव साबले,बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. कल्याणी कड़ू, डॉ. सोनिया थाणगावेलू, वात्सल्य प्री-प्रायमरी स्कूल की प्राचार्य स्वाती पंकज साबले, स्वास्थ्य सहायक चेतन कड़ू, प्रफुल्ल महाते उपस्थित थे। सुदृढ़ बालक स्पर्धा और बच्चों के स्वास्थ्य जांच शिविर में 120 विद्यार्थी शामिल हुए थे। कार्यक्रम में प्रस्तावना और संचालन प्राचार्य स्वाती साबले ने किया और विद्यालय की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

# प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में सुख शांति विश्व शांति है

## > ब्रम्हकुमारी बहन वर्षा दीदी
## > प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान शिव ध्वजारोहण

**कोंढाली.**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के नागपुर जिले के कोंढाली के प्रजापिता ब्रम्हकुमारी संचलन केंद्र के तत्वावधान में प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी यहा के विकास नगर में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कोंढाली में रविवार 23मार्च को ब्रम्ह कुमारी बहन वर्षा दीदी के हांथो तथा ब्रम्हकुमारी बहन आरती दिदी के साथ साथ प्रजापिता ब्रम्हकुमारी संचलन केंद्र कोंढाली तथा कोंढाली सीमा क्षेत्र के सेकडो ब्रम्हकुमारी /ब्रम्हकुमारी भाई बहनों के उपस्थिती में शिव ध्वजारोहण किया गया.

इसका उद्धेश्य विश्व शांति और प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में सुख-शांति, मन में संतुष्टि और परिवार में सामंजस्य स्थापित करना रहा।इस अवसरपर कोंढाली शाखा संचालिका ब्रह्माकुमारी वर्षा दीदी द्वारा सभी अतिथियों को शिव ध्वजारोहण का महत्व समझाकर बताया।इस समारोह में श्वेत वस्त्रधारी बहन /भाई लोग अत्यंत ही शोभनिक लग रहे थे।



प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कोंढाली शाखा की मुख्य संचालिका ब्रम्हाकुमारी वर्षा दीदी तथा ब्रम्हकुमारी बहन आरती दीदी के साथ ही संस्था से आबद्ध 150 से अधिक ब्रह्माकुमार भाई बहनो ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

प्रजापिता ब्रम्हकुमारी बहन हेमलता दीदी तथा बहन राजेश्वरी बहन ने सभी उपस्थीतों का आभार माना.

# एशियन फायर वर्क में विस्फोट का मामला

## > कामगारों की सुरक्षा पर भी उठाए सवाल

**बाजारगांव/कोंढाली.**

16 फरवरी 2025 को काटोल तहसील के एनवीरा परिसर में पटाका बनाने वाली कंपनी में हुए विस्फोट में दो लोग मारे गए और चार घायल हुए थे। तीन महीने बाद भी मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा नहीं मिला है। प्रशासन और संबंधित विभागों से जानकारी मांगने पर कोई जवाब नहीं मिल रहा है। इस घटना में एशियन फायर वर्क्स कंपनी की सुरक्षा व्यवस्था और कामगारों के हितों के प्रति लापरवाही सामने आई है।

24 मार्च को काटोल के विधायक चरणसिंग ठाकूर ने विधानसभा में एशियन फायर वर्क्स एक्सप्लोजिव कंपनी में हुए विस्फोट के मामले में गृह मंत्री और कामगार मंत्री से सवाल किए। उन्होंने मृतकों के परिजनों को मुआवजा मिलने और कंपनी के मालिक पर कार्रवाई के बारे में जानकारी मांगी। 16 फरवरी को हुए इस भयंकर विस्फोट में दो कामगारों की मौत हुई और तीन घायल हुए थे। ठाकूर ने कामगारों की सुरक्षा पर भी सवाल उठाए।

16 फरवरी 2025 को नागपूर जिले के एनवीरा गांव में एशियन फायर वर्क्स एक्सप्लोजिव कंपनी में हुए विस्फोट में दो कामगारों की मृत्यु हो गई और तीन घायल हुए। मृतकों में भूरा लक्ष्मण रजक (25) और मुनिम मडावी (31) शामिल हैं, जबकि घायलों में सौरभ मुसळे, साहिल दिलावर शेख और घनशाम लोखंडे शामिल हैं। कंपनी में कुल 50 कामगार कार्यरत थे। इस घटना के बाद मृतकों के परिजनों को मुआवजा मिलने को लेकर सवाल उठाए गए हैं।

विधानसभा में कामगार मंत्री आकाश फुंडकर ने बताया कि एशियन फायर वर्क्स एक्सप्लोजिव कंपनी के मालिक सोहेल अली अजगर अली और व्यवस्थापक मुस्तफा सैफुद्दिन शेगावला पर संबंधित धाराओं के तहत पुलिस ने मामला दर्ज किया है। दोनों को गिरफ्तार कर कंपनी को बंद कर दिया गया है। हालांकि, मृतकों के परिजनों को केवल 49,000 और 40,000 रुपये का मुआवजा दिया गया है, जो काफी कम बताया जा रहा है।





# समाजवादी पार्टी ने राममनोहर लोहिया की जयंती मनाई

## > राममनोहर लोहिया जनता की आवाज थे - माया चवरे



**कामठी.** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय महान समाजवादी चिंतक राम मनोहर लोहिया की रविवार को जयंती मनाई गई। सपा नेताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद उन्हें नमन किया। समाजवादी पार्टी महिला सभा महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष व कामठी नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष माया चवरे ने कहा कि डॉ. राममनोहर लोहिया देश के उन तमाम लोगों की आवाज थे, जिनकी आवाज संसद तक नहीं पहुंचती थी। वह जीवन के अंतिम वर्षों में राजनीति के अलावा साहित्य एवं कला पर युवाओं से संवाद करते रहे। उन्होंने कहा था कि 'जिंदा कौमें पांच साल इंतजार नहीं करतीं। डॉ. राममनोहर लोहिया जीवन के अंतिम क्षण तक कौम के बारे में सोचते रहते थे। राम मनोहर लोहिया ने अपनी प्रखर देशभक्ति और तेजस्वी समाजवादी विचारों के कारण विरोधियों के बीच अपार सम्मान हासिल किया और शासन का रुख बदल दिया। इस मौके पर डॉ.सुरकर, आशा निमगड़े, ऊषा धावडे, रुक्मिणी शेंडे, शीला गजभिए, खोबरागड़े, मोतिहारी, रशीद अंडे, खरीफ खाकर, कालबांडे, निलेश सोमकूंवर सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रमुखता से मौजुद थे.

# बेघर बस्ती को रेगुलाइज कर, घरकुल का लाभ देना चाहिए: अजय डोंगरे

**वर्धा.**



हाल ही में, 23 मार्च को बहुजन रयत परिषद वर्धा द्वारा जिले के बहुजन रयत परिषद के सभी पदाधिकारियों और शाखा अध्यक्षों की सभा अण्णाभाऊ साठे सभागृह में बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुई।सभा अध्यक्ष अजय डोंगरे विदर्भ तथा जिलाध्यक्ष बहुजन रयत परिषद हिरा खडसे महिला आघाडी अध्यक्षा बहुजन रयत परिषद, किशोर वाघमारे, जिला उपाध्यक्ष बहुजन रयत परिषद, महाराष्ट्र पुरस्कृत नारायण आमटे अण्णा भाऊ साठे के मार्गदर्शन से सभा बडी उत्साह से संपन्न हुई.

अध्यक्षीय भाषण में अजय डोंगरे ने संघटना की धोरणात्मक भुमिका रखी. 9 मार्च को पुणे में संपन्न राज्य कार्यकारणी के सभा में हुई जानकारी कार्यकर्ता को बताई.आगामी जिला परिषद, पंचायत समिति, ग्रामपंचायत में ईच्छुक कार्यकर्ता को काम पर लगाना चाहिए, ऐसा मत व्यक्त किया. शासन परिपत्रक नुसार शासन निर्णय क्रमांक प्र.आ.यो. 2017/ प्र.क्र.348/योजना-10,16 फरवरी 2018 परिपत्रकानुसार शासन के जगह घर बंधवाकर रहनेवाले ना (आठ अ) का आधार लेते ही (नमुना नवु)का आधार लेकर जिले के सर्व बेघर को रेगुलाईज करना चाहिए.तभी उनको शासन के घरकुल योजना का लाभ मिलेगा.

अजय डोंगरे ने कहा इसीलिए जिलाधिकारी,और जिले के पाच विधायक सांसद के घर के सामने ठिय्या आंदोलन करना पडेगा. अण्णाभाऊ साठे महापुरुष को भारतरत्न देने के लिए महाराष्ट्र शासन ने प्रस्ताव केंद्र शासन की तरफ भेजे.

वस्ताद लहुजी साळवे अभ्यास आयोग ने बताए शिफारस योजना से महाराष्ट्र शासन त्वरित निधी उपलब्ध करके दे.डॉ. अण्णा भाऊ साठे संशोधन केंद्र,प्रशिक्षण देनेवाले (आर्टि) संस्था को मान्यता देकर स्वतंत्र निधी दे.

शासन ने सहकार्य नही किया तो बहुजन रयत परिषद की ओर से सामान्य जनता के लिए तीव्र आंदोलन किया जायेगा, ऐसा मत किशोर वाघमारे ने व्यक्त किया. विनोद आमटे देवळी तालुका अध्यक्ष , प्रशांत डोंगरे वर्धा तालुका अध्यक्ष सुभाष सरकटे आर्वी तालुका अध्यक्ष, कैलास तायवाडे कारंजा तालुका अध्यक्ष, कैलास मुंगले, सुनील पोटफोडे ,सुधाकर डोंगरे आशिष बावणे, अतुल खंडारे, विक्की वाघमारे, एम.एस. डोंगरे आदी कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### ठिय्या आंदोलन की चेतावनी

अण्णाभाऊ साठे महामंडल के योजना में 1000 कोटी का निधी देकर जामीन दार की शर्त रद्द करें. बॅन्ड कलाकार को कलाकार का दर्जा दिया जाए. तथा वयोवृद्ध कलाकार को 5000/रुपये मानधन दे. हिरा खडसे ने कहा कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की जाती, तो समाज बांधव जल्द ही जिले के पांच विधायक, सांसद और जिलाधिकारी के घर के सामने ठिय्या आंदोलन करेंगे। इस आंदोलन के जरिए अपनी मांगों को मजबूती से उठाया जाएगा।

## वाकी रायपुर गांव में ट्रक में आग, लाखों का नुकसान

**अमरावती.** जिले के वाकी रायपूर गांव के पास एक ट्रक में अचानक आग लग गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। हालांकि, ट्रक चालक ने अपनी सूझबूझ से ट्रक को सड़क के किनारे स्थित एक खेत में खड़ा कर दिया, जिससे आग के फैलने का खतरा कम हो गया।हालांकि, आग के कारण गांव में खतरा पैदा हो गया था, लेकिन स्थानीय नागरिकों ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाने के प्रयास किए। घटना की सूचना मिलते ही आसेगांव पुलिस, अचलपुर नगर परिषद और अमरावती मनपा के अग्निशामक दल मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। दमकल कर्मियों की कड़ी मेहनत के बाद आग पर नियंत्रण पाया जा सका, लेकिन इस हादसे में कुटार सामग्री समेत करीब पांच लाख रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। सौभाग्य से इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि ट्रक के मालिक का लाखों रूपये का नुकसान हुआ है। घटना के बाद आसेगांव पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और आग लगने के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

# फ्लेवर्ड तंबाकू बेचने के मामले में पुलिस का सिंधी कॉलोनी में छापा

**हिंगनघाट.**

सिंधी कॉलोनी क्षेत्र निवासी हरीश मिहानी के घर पर छापा मारा गया और इस वक्त बड़े प्रमाण में सुगंधित तंबाकू का स्टॉक बरामद हुआ है।इस कार्रवाई में अपराध दस्ते द्वारा इस स्थान से प्रतिबंधित तंबाकू का एक बड़ा स्टॉक जब्त किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लगभग 40,000 रुपये का माल जब्त किया गया है। और अपराध निरोधक दस्ते ने प्रतिबंधित तंबाकू पर सफलतापूर्वक कार्रवाई की। शहर के सिंधी कॉलोनी निवासी हरिश मिहानी कई दिनों से शहर में चोरी-छिपे प्रतिबंधित तंबाकू का बड़े पैमाने पर कारोबार कर रहा था।इसके बाद पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर प्रतिबंधित तंबाकू के खिलाफ बड़ी कार्रवाई सफलतापूर्वक की। पुलिस ने इस कार्रवाई को खाद्य एवं औषधि प्रशासन को सौंप दिया है तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन आगे की कार्रवाई करेगा। यह कार्रवाई पुलिस निरीक्षक देवेंद्र ठाकुर के मार्गदर्शन में अपराध जांच दल के पीएसआई भरत वर्मा पथक प्रमुख प्रशांत ठोंबरे, नरेंद्र आरेकर, विकास अवचट, आशीष नेवारे और संदीप बदकी द्वारा की गई।




# भारत विद्यालय, हिंगनघाट में 'शहीद दिन' मनाया गया



**हिंगनघाट.**

23 मार्च 1931 को लाहौर के जेल में, युवा स्वतंत्र सैनिक भगत सिंग, राजगुरू आणि सुखदेव को ब्रिटिश सरकार ने फांसी दि। भारत के स्वतंत्रता के लिए उनका ये बलिदान का दिन हर साल शहीद दिवस करके मनाया जाता है।२३ मार्च को स्थानिक भारत विद्यालय , हिंगणघाट यहां "शहीद दिन" मनाया गया। प्रसंग पर भगत सिंग, सुखदेव व राजगुरु की प्रतिमा का पूजन व माल्यार्पण किया गया। इस वक्त मुख्याध्यापक हरीश भट्टड, उप मुख्याध्यापक किशोर चवरे, पर्यवेक्षक निलाक्षी बुरीले, कु. मनिषा कोंडावार, शिक्षक मिलिंद सावरकर उपस्थित होते।

# अवैध शराब तस्करी से जुड़े हादसे में पुलिसकर्मी की मौत

**बुलढाणा.**

एक विचित्र दुर्घटना में एक पुलिसकर्मी की मौके पर ही मौत हो गई, जब अवैध शराब परिवहन और बिक्री में शामिल एक व्यक्ति ने उसका पीछा कर रहे एक पुलिसकर्मी के दोपहिया वाहन को लात मार दी। उनके साथी पुलिस अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना से जिला पुलिस बल सचमुच हिल गया है, जो इस बात का ज्वलंत उदाहरण है कि अपराधी का दुस्साहस कितना बढ़ गया है।जिले में अवैध शराब बेचने वालों के हौसले काफी बढ़ गए हैं। उनमें से अधिकांश को प्रभावशाली 'आकाओं', कभी-कभी राजनेताओं का समर्थन प्राप्त होता है। यह देखा गया है कि विभिन्न कारणों से उनका मनोबल, साहस और दृढ़ संकल्प काफी बढ़ गया है। दूसरी ओर, विभिन्न कारणों से पुलिस का मनोबल और साहस कम होता दिख रहा है। यह कानून में जनता के विश्वास की हानि का दुर्भाग्यपूर्ण चित्र है।

यह बात रविवार, 23 मार्च को दिनदहाड़े घटित हुई इस अभूतपूर्व और उतनी ही भयावह घटना से सिद्ध होती है। यह घटना अंधेरा पुलिस स्टेशन की सीमा में हुई और मृतक पुलिसकर्मी और घायल अंधेरा पुलिस स्टेशन से संबंधित हैं। इस भयावह घटना में एक शराब विक्रेता ने पीछा कर रहे पुलिस के दोपहिया वाहन को लात मार दी। पुलिस अधिकारी मारे गए. यह घटना चिखली तालुका के शेलगांव एटोल के पास घटित हुई। दोनों पुलिसकर्मी अँधेरा पुलिस स्टेशन में कार्यरत थे। मृतक पुलिस अधिकारी की पहचान भागवत गिरी के रूप में हुई है, जबकि राम अंधाले नामक पुलिस अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गया है। यहां प्राप्त जानकारी के अनुसार, अंधेरा पुलिस स्टेशन के पुलिसकर्मी राम अंधेले और भागवत गिरी दोपहिया वाहन पर शेलगांव एटोल क्षेत्र में गश्त कर रहे थे।

शिवंकर नामक एक अवैध शराब विक्रेता शराब की पेटियां लेकर शेलगांव एटोल की ओर आ रहा था। यह सूचना मिलने के बाद पुलिसकर्मियों ने तुरंत पीछा किया और शिवंकर को पकड़ने की कोशिश की। अब जब उसे यकीन हो गया कि वह पकड़ा जाएगा, तो शिवंकर ने मिसलवाड़ी और शेलगांव एटोल के बीच पुलिस की बाइक को लात मार दी।

# प्रतीक्षा थुटे महाराष्ट्र रत्न गौरव पुरस्कार 2025 से सम्मानित

**हिंगनघाट.**

हाल ही में 24 मार्च को ज्योति सामाजिक फाउंडेशन, महाराष्ट्र राज्य द्वारा भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद 1321, सदाशिव पेठ, पुणे में आयोजित विभिन्न क्षेत्रों के व्यक्तियों के सम्मान समारोह में युवा वक्ता एवं प्रस्तुतकर्ता सुश्री. प्रतीक्षा संध्या भास्कर थुटे को गणमान्य व्यक्तियों द्वारा महाराष्ट्र रत्न गौरव पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया। पुरस्कार समारोह में एसीपी प्रिया थोरात (क्राइम ब्रांच, मुंबई), माननीय उपस्थित थे। रामजीत गुप्ता (मुख्य जांच अधिकारी, मुंबई), माननीय। आम्रपाली परवे (विद्रोही कवि), माननीय। चित्रा दीक्षित (अभिनेत्री) और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

वक्तृत्व-नेतृत्व-उपलब्धि की त्रिमूर्ति को समझने के बाद, वे अपने स्कूल के दिनों से ही इस कार्य में लगे रहे और कई राज्य स्तरीय वक्तृत्व और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में जीत हासिल करके और राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और सरकारी कार्यक्रमों का संचालन करके सार्वजनिक भाषण के क्षेत्र में अपना नाम बनाया। उन्होंने



विश्वास व्यक्त किया कि वह अपनी कला के माध्यम से इस क्षेत्र में प्रवेश करने के इच्छुक युवाओं को प्रोत्साहित करने का सदैव प्रयास करेंगे, तथा यह सुनिश्चित करेंगे कि हर कोई स्वयं को अभिव्यक्त कर सके तथा निर्भीकता से अपने विचार दुनिया के सामने प्रस्तुत कर सके। वह भविष्य में दोगुने उत्साह के साथ काम करने का इरादा रखती हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि पुरस्कार और सम्मान प्रोत्साहन तो देते हैं, लेकिन जिम्मेदारी भी बढ़ाते हैं।

# पत्रकार की शिकायत को गट विकास अधिकारी ने किया नजरअंदाज

## > शिकायत को कचरे की टोकरी में डाला

**हिंगनघाट.**

पत्रकार के कानूनी शिकायत की दखल अगर नहीं ली जाती है तो आम आदमी के समस्या के बारे में शासकीय अधिकारी किस हद तक जा सकते है इसकी कल्पना करना मुश्किल है।

नादगांव ग्राम पंचायत के ग्रामसेवेक एम.एस नंगराले के पर कारवाई करणे बाबत हिंगणघाट के पंचायत समिती के गटविकास अधिकारी को पत्रकार ने किए अर्जी को कचरे की टोकरी दिखाई गई।

नादगांव परिसर में दशरथ ढोकपांडे इनका ढोकपांडे ले आऊट में भुखंड सर्वे न.176 प्लॉट नं. 1/1 ब. में मकान बांधकाम के लिए खाली प्लॉट जगह का ग्राम पंचायत नांदगाव कार्यालय में नौ साल पूर्व एस.एम. नगराले ने पैसे लेकर टॅक्स पावती दि। ग्राम पंचायत कार्यालय में फेरफार किया जाने की नोद नहीं होने से रजिस्टर में नाम की नोंद की नहीं की गई।

नांदगाव ग्रामपंचायत के ग्राम सेवक के तौर पर एम. एस. नगराले ये काम देखते थे।सन 2016 में मकान का बांधकाम करने का निर्णय लिया गया तब 1990 ते 2016 तक का 26 वर्ष का 16 हजार 385 रुपये का टैक्स पटाया गया। और नादगांव ग्रामपंचायत से रितसर बांधकाम करने को मंजूरी ली गई। मकान का बांधकाम पूर्ण होकर सन 2017 को दशरथ ढोकपांडे ये नए घर में रह रहे है। नांदगाव ग्राम पंचायत का कर्मचारी नौ साल में एक बार भी मकान तथा प्लॉट का मोजमाप करने आया नहीं। नौ साल के पूर्व नांदगांव ग्राम सेवक एम.एस.नगराले ने ग्राम पंचायत रजिस्टर में नाम की नोंद की जाने पर हरसाल टॅक्स चा भरणा किया जा सकता। जब ढोकपांडे ने घर पर सोलर लगानें के लिए कंपनी द्वारा ग्राम पंचायत की टॅक्स पावती मांगी गई। तब ग्रामपंचायत कार्यालय में टॅक्स पावती मांगने गए तो वहा के कर्मचारी ने उनका नाम रजिस्टर में नही होने की बात पता चलने पर ये मामला उजागर हुआ। टॅक्स पावती जरूरी है ऐसा कहने पर वहा के क्लर्क ने कहा कि, तुम्हारे घर व प्लॉट का मोजमाप करने पर ही हम टॅक्स निकाल सकते है, ऐसा जवाब मिला।12 फ़रवरी को ग्राम पंचायत के दो कर्मचारी प्लॉट पर आकर उन्होंने प्लॉट व मकान का मोजमाप करके ले गए।और 15 फ़रवरी को नौ साल का 5 हजार 205 प्रति वर्ष के हिसाब से 46 हजार 875 रूपये का टॅक्स अर्जदार की तरफ बाकी होने की बात ग्रामपंचायत कर्मचारी ने बताई।

ग्रामसेवक नगराले की कई शिकायतें ग्रामपंचायत सरपंच को भूखंड धारको ने किए है। लेकिन इस तक्रार की दखल सरपंच ने नहीं ली। इस ग्राम सेवक ने अनेक भूखंड धारक से पैसा वसूल करके भ्रष्टाचार करने का आरोप ढोकपांडे ने किया है। नगराले ने किए भ्रष्टाचार की जांच

# नेत्र रोग और मोतीबिंदु शल्यक्रिया शिविर संपन्न

**हिंगनघाट.**

"नर सेवा ही नारायण सेवा" इस उक्ती नुसार नारायण सेवा मित्र परिवार, हिंगनघाट के द्वारे 23 मार्च को धनश्री नेत्रालय में निःशुल्क नेत्ररोग आणि मोतीबिंदू शस्त्रक्रिया शिबिर का आयोजन किया गया।

शिविर उद्घाटन डॉ. प्रणाली सायंकार के हस्ते हुआ। इस वक्त डॉ.संजय ओस्तवाल, समाजसेवक पारस मुनोत, मारवाडी युवा मंच की अध्यक्षा अपर्णा मरोठी, उद्योजक अशोक मिहानी, निशा शर्मा, सेवानिवृत्त प्राचार्या लतिका बेलेकर और संस्था अध्यक्ष महेश अग्रवाल की प्रमुख उपस्थिती थी।

पी.व्ही. टेक्सटाइल्स लिमिटेड, जाम के विशेष सहकार्य से इस शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 95 जरूरतमंद मरीजों की नेत्र रोग जांच की गई। जिसमे से 2 मरीजों पर लेझर शस्त्रक्रिया की गई। और 55 मरीजों की मोतीबिंदू शस्त्रक्रिया के चुनाव किया गया।

इन मरीजों की वैद्यकीय और फिटनेस की जांच पूर्ण होने पर उनकी शस्त्रक्रिया मोफत की जाएंगी। और



उन्हें चष्मा का मोफत वितरण किया जाएंगा।

इस अवसर पर डॉ. प्रणाली सायंकार ने, महिलांयो के आरोग्य के संदर्भ में मार्गदर्शन किया। और ऐसे शिविर के आयोजन का महत्व बताया,"महिलाओ ने अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना जरूरी है। ऐसे शिबिर से जरूरत मंद महिलाओं को मुफ्त उपचार मिलता है।"

शिविर में डॉ. संजय ओस्तवाल ने प्रमुख शल्य चिकित्सा के तौर कार्य किया। उन्होंने मोतीबिंदू शस्त्रक्रिया के बारे में जानकारी दि। और मरीजों को मार्गदर्शन किया। मोतीबिंदू शस्त्रक्रिया अब काफी आसान हो गई है। और मरीजों को जल्द ही आराम मिलता है। इस शिबिर से जरूरतमंद मरीजों को दृष्टी मिलती है।

प्रास्ताविक महेश अग्रवाल ने तो संचालन सचिव पराग मुडे ने किया। आभार मनोज सिंघवी ने माने।

शिबिर की सफलता के लिए सुभाष लालवानी, लक्ष्मण डहाके, दुर्गाप्रसाद यादव, प्रा.किरण वैद्य, नेताजी लाजुरकर, रामदास खडगी, महेश दीक्षित, अशोक शेंडे, बाबाराव दाहीत, अतुल पलांडे, दामोदर चंदनखेडे, पांढरे गुरुजी, अमोल भूतडा, चंद्रकांत रोहणकर, अनुराधा मोटवानी और शुभम कोचर ने विशेष परिश्रम किया।

# देउलगांव माही में लगी आग

## चार दुकानें जलकर खाक, 30 लाख रुपये का नुकसान

**बुलढाणाः**

देउलगांव राजा तालुका और राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित देउलगांव माही में रविवार को भीषण आग लग गई, जिससे चार दुकानों में विभिन्न सामग्रियों को भारी नुकसान पहुंचा। इस भयानक दुर्घटना से तीस से पैंतीस लाख रुपये का नुकसान हुआ। इस घटना से दुकानदार को गंभीर मानसिक आघात पहुंचा और उसकी हालत बिगड़ गई।

रविवार 23 मार्च को चिखली-जालना रोड पर शॉप रो में संदीप किराना और तीन अन्य दुकानों में अचानक भीषण आग लग गई। आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। शुरुआती अनुमान के मुताबिक आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी। आग की घटना से स्थानीय निवासी सदमे में हैं। शिवाजी विद्यालय के सामने संदीप होलसेल और चिल्लर किराना स्टोर है, जिसके मालिक विजय श्रीराम शिंगणे हैं। संजय पाहाद की दुकान फाइबर फर्नीचर और दरवाजे बेचती है, साथ ही शेख नसीम की साइकिल की दुकान और सुनील शिंगणे की दुकान टैबलेट, बिस्कुट, अंडे और पानी का थोक व्यापार करती है। चूंकि संदीप किराना स्टोर और तीन अन्य दुकानें पास में ही स्थित हैं, इसलिए माना जा रहा है कि इनमें से किसी एक दुकान में शॉर्ट सर्किट हुआ होगा। आग धीरे-धीरे फैलती गई। यह एक भीषण आग में बदल गई और कुछ ही पलों में पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। सभी चार दुकानें जलकर खाक हो गईं, जिनमें किराने का सामान, नई और पुरानी साइकिलें, टायर, ट्यूब, मोटरसाइकिल के टायर, ट्यूब रिंग, फर्नीचर, दरवाजे, टैबलेट, बिस्कुट, पानी की बोतलें और कई अन्य सामान शामिल थे। इस अवसर पर ग्रामीणों ने बहादुरी से आग बुझाने के लिए पानी के टैंकरों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। दमकल गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई। राजस्व विभाग तलाठी संदीप वायल ने घटनास्थल पर पंचनामा किया है और प्रारंभिक पंचनामा से पता चलता है कि नुकसान लगभग 30 से 35 लाख रुपये का है। प्रभावित दुकान मालिक सरकार से तत्काल सहायता की मांग कर रहे हैं।

# ठेकेदार के गलत नियोजन से नवयुवक की दुर्घटना में मृत्यु

## रोड पर बंधी हुई रस्सी मृत्यु का कारण

**हिंगनघाट.**

23 मार्च की सुबह एसटी बस स्टैंड के सामने सड़क पर बाइक दुर्घटना में 17 वर्षीय एक लड़के की दुखद मौत हो गई।मृतक की पहचान वंश वालदे के रूप में हुई है और वह स्थानीय महात्मा फुले वार्ड का निवासी था। उसके परिवार ने आरोप लगाया है. बच्चे की मृत्यु का कारण ठेकेदार द्वारा गलत नियोजन योजना वाहन है. इसलिए उनका बच्चा इस हादसे का शिकार हुआ है।एसटी बस स्टैंड क्षेत्र में एसटी बस स्टैंड के सामने सीमेंट सड़क के निर्माण के बाद अब एक बड़े नाले की खुदाई शुरू हो गई है, इसके साथ ही एसटी बस स्टैंड क्षेत्र में भी काम चल रहा है।

एसटी यातायात में व्यवधान को रोकने के लिए, एसटी निगम के अधिकारियों ने ठेकेदार को मुख्य



सड़क पर रस्सियाँ बांधने और एसटी निगम के वाहनों के अलावा अन्य वाहनों की आवाजाही रोकने के लिए व्यवस्था की गई थी. बस स्टॅन्ड के अंदर कन्स्ट्रक्शन कंपनी द्वारा काम को किया जा रहा था इस दरम्यान कई दिनों से यहा यातायात बंद होने के कारण बस स्टैंड मार्ग पर जाम की स्थिति बनी हुई है। चूंकि इस मार्ग पर करीब एक साल से सड़क निर्माण कार्य चल रहा है, इसलिए यहां लगातार छोटी-मोटी दुर्घटनाएं हो रही हैं।

यातायात पुलिस ने भी अनदेखी की...सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक परिसर में अवैध वाहतूक वर्धा नागपुर और वर्धा से तक काफी यातायात रहता है।

यहां यातायात पुलिस की मौजूदगी के बावजूद इस निजी बस सेवा में 200 मीटर की कोई सीमा नहीं है।यातायात पुलिस की उदासीनता के कारण नागरिकों को काफी परेशानी हो रही है तथा यह स्पष्ट है कि भविष्य में दुर्घटनाओं का सिलसिला जारी रहेगा।'

# कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा ने रिद्धपुर केंद्र को दी भेंट

**वर्धा.**

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा ने रिद्धपुर स्थित विश्वविद्यालय सर्वज्ञ श्री चक्रधर स्वामी मराठी भाषा तथा तत्त्वज्ञान अध्ययन केंद्र को भेंट दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि श्री चक्रधर स्वामी बारहवीं शताब्दी के महान संत थे, जिन्होंने भारत को एकता के सूत्र में बाँधने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने यह भी बताया कि इस पवित्र भूमि पर मराठी भाषा का आद्य ग्रंथ लीला चरित्र लिखा गया था, जो न केवल मराठी साहित्य का गौरव है, बल्कि समस्त भारतीय भाषाओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

प्रो. शर्मा ने कहा कि इन ग्रंथों का हिंदी सहित अन्य भारतीय भाषाओं में अनुवाद कर उन्हें वैश्विक पटल पर लाया जाना चाहिए। विश्वविद्यालय का उद्देश्य है कि हिंदी माध्यम से भारतीय भाषा-संस्कृति




का संवर्धन हो, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 की मूल भावना भी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि रिद्धपुर केंद्र को शैक्षणिक और शोध की दृष्टि से सशक्त बनाया जाएगा तथा यहाँ के ग्रंथों पर शोध कर उन्हें नई पीढ़ी तक पहुँचाया जाएगा।

22 मार्च को अपनी भेंट के दौरान कुलपति ने केंद्र के शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्यों का निरीक्षण भी किया। केंद्र प्रभारी नीता मेश्राम ने उन्हें केंद्र की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी और प्रथम आगमन पर कुलपति का शॉल एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो.आनन्द पाटील, महंत राजधर वाइंदेशकर बाबा, शिक्षा विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. सीमा बर्गट, जनसंचार विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राजेश लेहकपुरे, जनसंपर्क अधिकारी बी.एस. मिरगे तथा रिद्धपुर के प्रमुख नागरिक संजय कोहळे, निरंजन बिटकर, किशोर गोणारकर, शुभम कोहळे,आकाश गजभिये और हरिपाल पाचराऊत प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

भेंट के दौरान कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा ने आद्य मराठी गद्य ग्रंथ लीळा चरित्र के रचयिता पंडित म्हाइंभट के समाधि स्थल तथा गोविंद प्रभु राजमठ संस्थान का दौरा किया और महानुभाव पंथ की काशी के रूप में प्रसिद्ध इस क्षेत्र की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक जानकारी प्राप्त की।

इसके पूर्व अमरावती स्थित संत गाडगे बाबा अमरावती विश्वविद्यालय में कुलसचिव डॉ. अविनाश असनारे एवं भारतीय जनसंचार संस्थान, अमरावती केंद्र के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. राजेश कुशवाह ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की व्यवस्थापन परिषद के पूर्व सदस्य डॉ. दिनेश सूर्यवंशी, सहायक प्रोफेसर डॉ. विनोद नितळे एवं जनसंपर्क अधिकारी विलास नांदुरकर भी उपस्थित रहे।



# आशुतोष शर्मा ने लखनऊ के जबड़े से छीनी जीत.

**विशाखापट्नम.**



अक्षर पटेल की कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स ने शानदार शुरुआत की. इंडियन प्रीमियर लीग 2025 सीजन में दिल्ली ने अपना पहला मैच लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ सोमवार (24 मार्च) को विशाखापत्तनम में खेला, जिसमें 1 विकेट से जीत दर्ज की. दिल्ली का यह घरेलू मैच रहा, जिसमें लखनऊ ने हाथ आया मैच गंवा दिया. मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ टीम ने 210 रनों का टारगेट दिया. जवाब में दिल्ली की शुरुआत बेहद खराब रही. टीम ने 65 रनों पर ही 5 विकेट गंवा दिए थे. इसके बाद टीम लड़खड़ाती रही और 13वें ओवर की तीसरी बॉल पर छठा विकेट गंवा दिया था. तब टीम का स्कोर 113 रन था. यहां से दिल्ली की हार दिखाई दे रही थी. आशुतोष ने आखिरी ओवर की तीसरी बॉल पर छक्का लगाकर मैच जिताया. उन्होंने 31 गेंदों पर 66 रनों की नाबाद पारी खेली और लखनऊ के जबड़े से जीत छीन ली. अपनी पारी में आशुतोष ने 5 छक्के और 5 चौके जमाए. लखनऊ के लिए शार्दुल ठाकुर, मनिमारन सिद्धार्थ, दिग्वेश सिंह और रवि बिश्नोई ने 2-2 विकेट लिए. मैच में लखनऊ टीम की शुरुआत बेहद शानदार हुई थी. ओपनर मिचेल मार्श ने 21 और तीसरे नंबर पर आए निकोलस पूरन ने 24 गेंदों पर फिफ्टी जमाई. पूरन ने 30 गेंदों पर 75 रन और मार्श ने 36 गेंदों पर 72 रन जड़े. पूरन ने 7 और मार्श ने 6 छक्के जमाए. आखिर में डेविड मिलर ने 19 गेंदों पर 27 रन बनाए. एक समय लखनऊ ने 13 ओवर में 2 विकेट पर 161 रन बना डाले थे. तब लग रहा था कि लखनऊ टीम 250 से ज्यादा का स्कोर बना सकती है, लेकिन दिल्ली के गेंदबाजों ने शानदार वापसी कराई. उन्होंने लखनऊ टीम को 8 विकेट गंवाकर 209 के स्कोर पर ही रोक दिया. दिल्ली के लिए मिचेल स्टार्क ने 3 और कुलदीप यादव ने 2 विकेट झटके. विपराज निगम और मुकेश कुमार ने 1-1 विकेट लिया. देखा जाए तो लखनऊ सुपर जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच आईपीएल में अब तक 6 मैच खेले गए हैं. इस दौरान तीन मैचों में लखनऊ ने जीत हासिल की है. दिल्ली ने भी 3 मैच जीते. आईपीएल 2024 में दोनों ही मैचों में दिल्ली ने लखनऊ को पराजित किया था.

## विपराज और आशुतोष ने लखनऊ से छीनी जीत

इसके बाद विपराज निगम गेमचेंजर बनकर सामने आए. उन्होंने 8वें नंबर पर आकर 15 गेंदों पर 39 रनों की पारी खेल डाली. इसके साथ ही आशुतोष शर्मा के साथ मिलकर 7वें विकेट के लिए 22 गेंदों पर 55 रनों की मैच विनिंग पार्टनरशिप की. विपराज के आउट होने के बाद आशुतोष ने मोर्चा संभाला और मैच फिनिश किया.







# रोकड़े ज्वैलर्स का नया ऑफर

## > विश्वास और उत्कृष्टता की अनोखी पेशकश

**नागपुर.**

विदर्भ के आभूषण उद्योग में रोकड़े ज्वेलर्स एक प्रतिष्ठित और विश्वसनीय नाम है। बेजोड़ शुद्धता, अद्भुत कारीगरी, परंपरा और आधुनिकता का अनूठा संगम, और शानदार आभूषण के साथ, ग्राहकों की जरूरतों को प्राथमिकता देने के कारण रोकडे ज्वेलर्स विदर्भ का सबसे पसंदीदा ज्वेलरी ब्रांड बन चुका है। वर्षों से ग्राहकों के दिल में यह खास जगह बनी हुई है। यही कारण है कि रोकडे ज्वेलर्स विदर्भ का सबसे बड़ा और प्रतिष्ठित ब्रांड बनकर उभरा है। रोकडे ज्वेलर्स, जो विश्वास और उत्कृष्टता की विरासत के लिए जाने जाते है, अब असंभव को संभव बना रहा है एक ऐसे ऑफर के साथ, जो पहले कभी नहीं सुना गया!

**अविश्वसनीय ऑफर – जो लगभग असंभव है!**

डायमंड ज्वैलरी मेकिंग चार्जेस पर 125% तक की छूट – हां, सिर्फ मुफ्त ही नहीं, बल्कि उससे भी ज्यादा! पहली बार ऐसा ऑफर जिससे आप जितना देते हैं, उससे ज्यादा बचाते हैं।

गोल्ड ज्वैलरी मेकिंग चार्जेस पर 50% तक की छूट – क्योंकि सोने के प्रति आपका प्रेम बेहतरीन कीमत का हकदार है।सिल्वर ज्वैलरी मेकिंग, फैशन और फॉर्मिंग ज्वैलरी के MRP पर फ्लैट 20% की छूट – स्टाइलिश.




### कलेक्शन पर शानदार डिस्काउंट

रोकडे ज्वैलर्स ने अपने ग्राहकों के लिए एक अनोखा "असंभव ऑफर" पेश किया है, जो उनकी पसंदीदा ज्वैलरी को पहले से कहीं अधिक किफायती बना देगा। इस ऑफर के साथ, रोकडे ज्वैलर्स ने कारीगरी और ग्राहक संतुष्टि के नए मानक स्थापित किए हैं, जो ज्वैलरी शॉपिंग का अनुभव बदल देंगे।

राजेश रोकडे (मैनेजिंग डायरेक्टर, रोकडे ज्वैलर्स) इन्होंने इस अवसर पर कहा कि, "डायमंड ज्वैलरी मेकिंग चार्जेस पर 125% की छूट ज्वैलरी इंडस्ट्री में पहले कभी नहीं सुनी गई। यह हमारे ग्राहकों के प्रेम और विश्वास के प्रति हमारी कृतज्ञता व्यक्त करने का एक अनोखा तरीका है,"। इतनी अविश्वसनीय बचत के साथ, बेहतरीन आभूषणों में निवेश करने का इससे बेहतर समय नहीं हो सकता! चाहे शादी हो, त्योहार हो या खुद के लिए या अपनों के लिए एक खास तोहफा, यह ऑफर आपको देगा ज्यादा फायदा, ज्यादा चमक और ज्यादा खुशी। जल्दी करें! यह ऑफर सभी रोकडे ज्वैलर्स शोरूम में सिर्फ 29 मार्च तक उपलब्ध है.

# सौंसर में शहीद दिवस पर रक्तदान शिविर

## > 46 रक्त-वीरों ने किया योगदान

**सौंसर.**



सौंसर में आजादी के महानायक भगतसिंह, सुखदेव, और राजगुरु के बलिदान दिवस पर 21वां रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 46 रक्त वीरों ने रक्तदान किया। युथ ऑफ सौसर एसोसिएशन और निफा संस्था संवेदना-2 के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर का शुभारंभ वृक्ष मित्र अरुण गुरुजी ठाकरे, स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप नखाते, और आर्ट ऑफ़ लिविंग के मुख्य शिक्षक भूपेंद्र मिश्रा की उपस्थिति में हुआ। यह आयोजन वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड और गिनीज बुक में दर्ज किया जाएगा। शहीद दिवस के अवसर पर 46 रक्त वीरों ने किया रक्तदान जिसमें युथ ऑफ़ सौसर असोसिएशन नारीशक्ती नौ सदस्य शालिनी भकने सरिता सूर्यवंशी बोरगांव सेजल पगारे कंचन बारापात्रे शिवानी बोडखे वैशाली शेंडे पूजा हिवरकर भाविका उपासे अश्विनी सहारे तथा पदाधिकारी अध्यक्ष योगेश सोमकुंवर सचिव गोपाल कोठे भीमराज बड़वाईक पंकज रंगारे दिनेश पाटील अमीर धराडे हेमंत हिवरकर मोहिनीश हिवरकर 8 सदस्यों ने भी किया रक्तदान शिविर में लगभग 46 रक्तवीरों जिसमें 14 नारीशक्ति मे अज्ञात पांच मातृशक्तियों दिया रक्त एवं 32 रक्तवीरों आर्ट ऑफ लिविंग के प्रमुख शिक्षक भूपेंद्र मिश्रा चंद्रशेखर उपासे अनिरुद्ध दुपारे विनोद पाटिल कारण वाडेकर अजय पाल मनीष जंभुलकर अमरीश जयसवाल शांताराम सूर्यवंशी हरीश मडके प्रफुल्ल राजनकर नितिन गुरधे हर्षल टीकम मुकेश शिंदे पंकज विश्वकर्मा देवेश धुर्वे अश्विनी बोडखे विनोद बोन्डेकर आकाश कडू वीरेंद्र खंडाईत परामर्शदाता दिनेश सोमकुवर सुनील डोंगरे सुभाष ठाकरे के द्वारा रक्तदान किया गया. युथ ऑफ सौसर एसोसिएशन द्वारा सौसर और पांढुर्णा जिले में रक्तदान महादान अभियान जारी है। इस शिविर में गर्भवती महिलाओं और दुर्घटनाग्रस्त मरीजों के लिए रक्त उपलब्धता को प्राथमिकता दी गई। सरकारी अस्पताल सौसर और जिला अस्पताल की टीम ने शिविर में सहयोग किया। शिविर के अंतर्गत रक्तदान करने वाले वीरों को वृक्ष मित्र अरुण गुरुजी ठाकरे, डॉ. संदीप नखाते और आर्ट ऑफ़ लिविंग के मुख्य शिक्षक भूपेंद्र मिश्रा ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। युथ ऑफ सौसर के अध्यक्ष योगेश सोमकुंवर और सचिव गोपाल कोठे ने रक्तवीरों का आभार व्यक्त किया। निफा संस्था के फाउंडर श्री प्रितपाल पन्नू और मध्य प्रदेश के कोऑर्डिनेटर हेमंत प्रभाकर का भी आभार व्यक्त किया गया। इस अभियान में बीएसडब्लू और एमएसडब्लू के छात्र-छात्राओं ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# विश्व किस्सागोई दिवस पर छाए रहे प्रेमचंद

**नागपुर.**

आज यहां ग्लोबल जर्नलिस्ट एंड राइटर्स एसोसिएशन द्वारा वर्ल्ड स्टोरी टेलिंग डे (20 मार्च)के अवसर पर एक अखिल भारतीय परिसंवाद 'मेरी प्रिय कहानी' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश,उत्तराखंड, दिल्ली आदि राज्यों के प्रतिभागियों ने अपनी पसंदीदा कहानियों और उनके प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय अग्रवाल व कार्यक्रम अध्यक्ष कुमार अतुल श्रीवास्तव ने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों को सराहा और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापिका माधुरी मोहन जोशी ने किया। कार्यक्रम का परिचय संस्था अध्यक्ष संदीप अग्रवाल तथा अतिथि परिचय व आभार प्रदर्शन संस्था के संगठन सचिव सूरज तेलंग द्वारा किया गया। इस अवसर पर दीपशिखा अग्रवाल, अभिषेक जोशी, भूमिजा अग्रवाल, दर्शना तेलंग, बीपेन्द्र कुमार सिंह आदि की विशेष उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में लगभग दो दर्जन प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें मधु पटौदिया, डॉ.किंजल मेहता, माधुरी मिश्रा, सुषमा अग्रवाल, डॉ. मनोरमा मिश्रा, लक्ष्मी साहू, उत्तम शर्मा, पायल जायसवाल, राजकुमारी यादव, गुड्डी परवीन खान,जीत शाह की प्रस्तुतिया विशेष रूप से उल्लेखनीय रहीं। प्रस्तुत कहानियों में महादेवी वर्मा, यशपाल, चंद्रधर शर्मा गुलेरी, मिथिलेश्वर, आदि लेखकों की कहानियां शामिल थी। लेकिन सबसे ज्यादा मुंशी प्रेमचंद जी की कहानियों पर चर्चा हुई। इससे एक बार प्रमाणित हुआ कि प्रेमचंद जी को यूं ही कथा सम्राट नहीं कहा जाता।



# सौंसर के पंढरीनाथ देवस्थान में गोदान

**सौंसर.**

सौंसर के ग्राम देवी का श्री क्षेत्र पंढरीनाथ देवस्थान देवी में राजेंद्र भक्ते सह परिवार पहुंचकर मंदिर को गोदान की गई यह मंदिर वर्षों पुराना है इस मंदिर से कई पीढियां से आस्था है पंढरीनाथ भगवान का दर्शन प्राप्त करके आशीर्वाद प्राप्त किया गोदान उसे समय किया पूरा विधिवत रूप से पूजा अर्चना करने के पश्चात मंदिर परिसर में जाकर मंदिर के गृह गर्भ में पंढरीनाथ भगवान के समक्ष आराधना करके गोदान की गई इस अवसर पर कैलाश भक्ते रामराव धुन्डे श्याम राव भक्ते दुर्गाबाई भक्ते वंदना बाई भक्ते सुभाष बड़वाईक उपस्थित थे.

# बाल्यावस्था में छात्रों को सुसंस्कृत करने की माता-पिता की जिम्मेदारी : डॉ. अविनाश गावंडे

**कामठी :**

मेडिकल कॉलेज नागपुर के अधीक्षक डॉ. अविनाश गावंडे ने शासकीय वैद्यकीय महाविद्यालय व रुग्णालय नागपुर की ओर से प्रोफेसर कॉलोनी रनाळा स्थित वासल्य प्री-प्राइमरी स्कूल में आयोजित सुदृढ़ बालक स्पर्धा ( हेल्दी बेबी कॉन्टेस्ट) के उद्घाटन के अवसर पर मार्गदर्शन करते हुए यह विचार व्यक्त किया कि बाल्यावस्था में छात्रों को सुसंस्कृत करना माता-पिता की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

सुदृढ़ बालक स्पर्धा और बच्चों के स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन मेडिकल हॉस्पिटल नागपुर के अधीक्षक डॉ. अविनाश गावंडे द्वारा दीप प्रज्वलित कर और सरस्वती माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। आरोग्य शिविर के उद्घाटन अवसर पर मार्गदर्शन करते हुए डॉ. अविनाश गावंडे ने यह भी कहा कि बचपन में विद्यार्थियों को अच्छा और सुंदर ज्ञान मिले, इसके लिए माता-पिता की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है और उम्र के अनुसार बढ़ने वाले बच्चों की पसंद-नापसंद के अनुसार भावनाएं बदलती रहती हैं, उन भावनाओं को माता-पिता को समझकर उत्तम संस्कार देने की आवश्यकता है। साथ ही, उन्होंने विद्यार्थियों को आउटडोर खेलों में खुलकर खेलने देने का आह्वान भी किया।



इस अवसर पर रनाळा ग्राम पंचायत के सरपंच पंकज विमल नागोराव साबले,बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. कल्याणी कडू, डॉ. सोनिया थाणगावेलू, वात्सल्य प्री-प्रायमरी स्कूल की प्राचार्य स्वाती पंकज साबले, स्वास्थ्य सहायक चेतन कडू, प्रफुल्ल महाते उपस्थित थे। सुदृढ़ बालक स्पर्धा और बच्चों के स्वास्थ्य जांच शिविर में 120 विद्यार्थी शामिल हुए थे। कार्यक्रम में प्रस्तावना और संचालन प्राचार्य स्वाती साबले ने किया और विद्यालय की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में अश्लेषा मेश्राम, रीता चरबे, वीणा नायडू, स्वाती कावळे, पूजा पाखमोडे, वैदेही बावणकर, साधना कोकास, विशाखा कुकडे सहित बड़ी संख्या में छात्र और अभिभावक उपस्थित थे।

# सौंसर मे संत तुकाराम बीजोत्सव में कीर्तन-प्रवचन

**सौंसर.** नगर के वार्ड नं 5 में आयोजित संत तुकाराम महाराज बिजोत्सव कार्यक्रम में ह.भ.प. मौनी बाबा द्वारा अपने कीर्तन में प्रवचन सुनाए। उनके द्वारा बताया कि संत तुकाराम महाराज द्वारा अपने अभंगो, भजनों से भगवान की लीलाओं से अवगत कर मानव कल्याण की बातें बताई। धार्मिक मार्गों से सुख शांति समृद्धि का अनुभूति होती है बताया। इस अवसर विधायक विजय चौरे ने भी पहुंचकर उनका मौनी बाबा का आत्मीय स्वागत कर आशीर्वाद लिया व समस्त क्षेत्रवासियों के सुख शांति समृद्धि और कल्याण हेतु कामना की। बीजोत्सव कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर धर्म लाभ लिया।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 789-4 | 129-2 |
| श्रीदेवी नाईट | 236-1 | 356-4 |

# प्रदेश में हो रहा है तेजी से विकास : मुख्यमंत्री डॉ.यादव

## > मुख्यमंत्री ने जामसांवली में की चमत्कारिक हनुमानजी की पूजा-अर्चना

**सौंसर.**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल निर्देशन में सभी क्षेत्रों में विकास के कार्य तेजी से हो रहे है। विकास के कीर्तिमान स्थापित हुये हैं मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जामसांवली सहित प्रदेश में 13 अलग-अलग लोक के निर्माण कार्य से धार्मिक एवं पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। हनुमान लोक का प्रथम चरण का कार्य मई तक पूर्ण करने का लक्ष्य है और द्वितीय चरण में शीघ्र ही हनुमान लोक के विकास के कार्य होंगे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में प्रत्येक वर्ग के कल्याण के कदम उठाए गए हैं। पांढुर्णा में सभी विकास कार्य होंगे, जिससे जिले में औद्योगिक विकास होगा और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुड़ी पडवा (नये विक्रम संवत) की शुभकामनाए देते हुये कहा कि नये साल में पांढुर्णा के विकास को प्राथमिकता से किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को पांढुर्ना में चमत्कारिक हनुमानजी के मंदिर परिसर जामसांवली में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।



**सभी वर्गों के कल्याण के लिये प्रतिबद्ध सरकार : मुख्यमंत्री डॉ.यादव**

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगातार विकास हो रहे हैं और सभी वर्गों के कल्याण के लिये सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसान, युवा, महिला और गरीबों के लिये सरकार प्राथमिकता से कार्य कर रही है। इस बार किसानों से 2600 रूपये प्रति क्विंटल गेहूं खरीदी जायेगी। साथ ही धान उत्पादन पर भी प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में रोजगार देने का लक्ष्य है। लोकसेवा आयोग की परीक्षाएं जो रुकी थीं, वे सभी हो रही हैं। इसी प्रकार गरीबों के हित लिये भी लगातार कार्य किये जा रहे हैं।

**चमत्कारिक हनुमानजी का किया पूजन-अर्चन**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जामसांवली में चमत्कारिक हनुमानजी का पूजन-अर्चन कर प्रदेश के कल्याण एवं सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। उन्होंने कन्या-पूजन कर सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर सांसद विवेक बंटी साहू, विधायक कमलेश शाह, पूर्व विधायक नाना मोहोड़,पांढुर्ना जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड़, छिंदवाड़ा जिला भाजपा अध्यक्ष शेषराव यादव, प्रदेश प्रवक्ता भाजपा अजय धवले, जिला कलेक्टर अजय देव शर्मा, एसपी सुंदर सिंह कनेश, मंदिर ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष गोपाल शर्मा, संस्थान के गणमान्य ट्रस्टी सहित अन्य गणमान्य नागरिक सहित अन्य अधिकारी और आम जन उपस्थित थे।

